Roll No - 3

PREETI

**M**

No. of Printed Pages : 8

# Summative Assessment – II, 2016-17

## Subject : Social Science

## Class : X

**Time : 3 Hrs.]** **[M. M. : 90**

**General Instructions :**

(i) The question paper has 30 questions in all. All questions are compulsory.

(ii) Marks are indicated against each question.

(iii) Questions from serial number 1 to 8 carry 1 mark each.

(iv) Questions from serial number 9 to 20 are 3 marks questions. Answer of these questions should not exceed 80 words each.

(v) Questions from serial number 21 to 28 are 5 marks questions. Answer of these questions should not exceed 120 words each

(vi) Question number 29 and 30 are of History and Geography map questions of 3 marks each. After completion, attach the maps inside your answer-book.

**सामान्य निर्देश –**

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 30 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक लिखे हुए हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 1 से 8 तक प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

(iv) प्रश्न क्रमांक 9 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(v) प्रश्न क्रमांक 21 से 28 तक प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(vi) प्रश्न क्रमांक 29 तथा 30 इतिहास और भूगोल से मानचित्र सम्बन्धी 3-3 अंक के प्रश्न हैं। मानचित्र कार्य पूरा करने के बाद मानचित्र को अपनी उत्तर पुस्तिका के अन्दर रखकर बाँध दीजिए।

1. State any one feature of Rowlatt Act of 1919. 1

रॉलट एक्ट 1919 की कोई एक विशेषता लिखिए।

2. Which minerals are derived from oceanic waters ? 1

महासागरीय जल से कौन-से खनिज प्राप्त होते हैं ?

3. What is meant by challenge of expansion of democracy ? 1

लोकतन्त्र के विस्तार की चुनौती का क्या अर्थ है ?

4. Name the two types of political parties. 1

दो प्रकार के राजनीतिक दलों के नाम लिखिए।

5. Mention one most important activity essential for democracy. 1

लोकतन्त्र के लिए आवश्यक किसी एक महत्वपूर्ण गतिविधि का उल्लेख कीजिए।

6. Which kind of cases are delt by district consumer forum. 1

जिला स्तरीय उपभोक्ता अदालत कौन-से मुकदमों की सुनवाई करती है ?

7. Write the main role of World Trade Organisation. 1

विश्व व्यापार संगठन की मुख्य भूमिका लिखिए।

8. Which is the most popular source of credit for the rural households in India ? 1

भारत में ग्रामीण परिवारों के लिए साख (ऋण) का सर्वाधिक लोकप्रिय स्रोत कौन-सा है ?

9. Explain the factors which shaped Indian politics towards the late 1920s. 3

1920 के दशक के अंतिम वर्षों में भारतीय राजनीति को दिशा देने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए।

10. Explain the issue behind Gandhiji's launching of the Khilafat Movement with Ali brothers. 3

गाँधीजी के द्वारा अली बंधुओं के साथ खिलाफत आंदोलन शुरू करने के पीछे मुद्दे को स्पष्ट कीजिए।

11a. Why the people of the nations like Germany, Italy and Switzerland did not share a collective identity or common culture in the past ? Explain with the help of three suitable examples. 3

जर्मनी, इटली तथा स्विट्जरलैंड जैसे राष्ट्र अतीत में सामूहिक पहचान अथवा समान संस्कृति के भागीदार क्यों नहीं थे ? तीन उपयुक्त उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

**OR/अथवा**

11b. Describe the importance of China in the early history of Indo-China.

इंडो-चाइना के प्रारंभिक इतिहास में चीन के महत्व का वर्णन कीजिए।

12. Classify industries on the basis of raw material. Give one example of each. 3

कच्चे माल के आधार पर उद्योगों का वर्गीकरण कीजिए। प्रत्येक का एक-एक उदाहरण दीजिए।

13. Which is the longest gas pipeline in India ? Write any two features of it. 3

भारत में सबसे लम्बी गैस पाईपलाइन कौन-सी है ? इसकी कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

14. Explain the Balance of Trade. How can it be favourable and otherwise ? 3

व्यापार संतुलन की व्याख्या कीजिए। यह किस प्रकार लाभकारी और अलाभकारी हो सकता है ?

15. "Most of the democracies of the world face the challenge of expansion and challenge of deepening of democracy." Support the statement with three relevant arguements. 3

''विश्व के अधिकांश लोकतन्त्र विस्तार की चुनौती तथा लोकतन्त्र मजबूत करने की चुनौती का सामना कर रहे हैं।'' तीन तर्कसंगत उदाहरण सहित कथन की पुष्टि कीजिए।

16. What is meant by dynastic succession in politics ? Explain with examples. 3

राजनीति में वंशवाद का क्या अर्थ है ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

17. Has democracy been successful to reduce poverty in India ? Explain with appropriate reasons. 3

क्या लोकतंत्र भारत में निर्धनता को कम करने में सफल रहा है ? उपयुक्त तर्कों सहित व्याख्या कीजिए।

18. What is meant by consumer's right to seek redressal ? How can an aggrieved consumer seek justice ? 3

उपभोक्ता के क्षतिपूर्ति निवारण अधिकार से क्या अभिप्राय है ? एक पीड़ित उपभोक्ता किस प्रकार न्याय प्राप्त कर सकता है ?

19. What is meant by double coincidence of wants ? Explain with an example. 3

आवश्यकताओं के दोहरे संयोग का क्या अर्थ है ? एक उदाहरण की सहायता से स्पष्ट कीजिए।

20. "Globalization helps in the movement of people between countries." Explain the objectives fulfilled through it. 3

''वैश्वीकरण विभिन्न देशों के बीच लोगों के आवागमन में सहायता करता है।'' इससे पूरे होने वाले उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिए।

21. "Growing anger agains the colonial government was bringing together various groups and classes of Indians into common struggle for freedom." Justify the statement. 5

''औपनिवेशिक सरकार के विरुद्ध गुस्सा भारतीयों के विभिन्न वर्गों, समुदायों को परस्पर निकट ला रहे थे।'' कथन की न्यायसंगत विवेचना कीजिए।

22a. Analyse the important causes of conflict in the 'Balkan' area after 1871. 5

1871 के पश्चात्, बाल्कन क्षेत्र में टकराव के महत्वपूर्ण कारणों का विश्लेषण कीजिए।

**OR/अथवा**

22b. "Teachers and students did not blindly follow the curriculum during French Colonisation and contributed in their own way in the nationalist movement." Explain the statement.

''फ्रांसीसी औपनिवेशिक शासन के दौरान शिक्षकों और विद्यार्थियों ने पाठ्यक्रम का आँख बंद कर अनुसरण नहीं किया था और अपने तरीके से राष्ट्रीय आंदोलन में योगदान दिया।'' कथन की व्याख्या कीजिए।

23. Describe any five human factors responsible for the location of industries. 5

उद्योगों की अवस्थिति के लिए उत्तरदायी किन्हीं पाँच मानवीय कारकों का वर्णन कीजिए।

24. Explain the organisation of airways in India aimed at meeting the needs and requirements of transportation and communication. 5

परिवहन और संचार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लक्ष्य से भारत में वायु परिवहन के संगठन की व्याख्या कीजिए।

25. What are the functions of political parties in a democracy ? Describe any five. 5

लोकतंत्र में राजनीतिक दलों के क्या कार्य हैं? किन्हीं पाँच का वर्णन कीजिए।

26. How do people take part in decision making in a democracy ? Explain. 5

लोकतंत्र में निर्णय लेने की प्रक्रिया में लोग किस प्रकार भाग लेते हैं? व्याख्या कीजिए।

27. What is the modern form of money ? Why is it accepted as a medium of exchange ? As per Indian law, what are the norms related to its use in the country ? 5

मुद्रा का आधुनिक रूप क्या है? इसको विनिमय के माध्यम के रूप में क्यों स्वीकार किया जाता है? भारतीय कानून के अंतर्गत देश में इसके इस्तेमाल के क्या नियम हैं?

28. Explain the ideas behind the Consumer Protection Act, 1986. 5

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के विचारों को स्पष्ट कीजिए।

29. Two features (A) and (B) are marked in the given political outline map of India. Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map : 3

(A) The place associated with the calling-off the Non-Cooperation Movement in 1922.

(B) The place where the session of Indian National Congress was held in 1929.

On the same political outline map of India, locate and label the following item with appropriate symbol :

(C) Kheda

***Note : The following questions are for the visually impaired candidates only in lieu of map question :***

29.1 Name the place associated with the calling-off the Non-Cooperation Movement in 1922.

29.2 Name the place where the Indian National Congress Session was held in 1929.

29.3 Name the state where Kheda is located.

भारत के दिए हुए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में (A) और (B) पर दो लक्षण चिन्हित किये गये हैं। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन लक्षणों की पहचान कर मानचित्र में ही चिन्हित रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए –

(A) 1922 में असहयोग आंदोलन की वापसी से सम्बन्धित स्थान।

(B) स्थान जहाँ 1929 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था।

उसी मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त संकेत द्वारा दशाइए एवं उसका नाम लिखिए –

(C) खेड़ा

***नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र प्रश्न के स्थान पर हैं –***

29.1 उस स्थान का नाम लिखिए जो 1922 में असहयोग आंदोलन की वापसी से सम्बन्धित है।

29.2 उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ 1929 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था।

29.3 उस राज्य का नाम बताइए जहाँ खेड़ा अवस्थित है।

30. (a) Two items A and B are shown in the given political outline map of India. Identify these items with the help of following information and write their correct names on the lines marked on the map : 3

(A) A Nuclear Power Plant

(B) A Software Technology Park

(b) On the same political outline map of India, locate and label the following items with appropriate symbol :

(C) Chennai : The Southern metro city connected with the Golden quadrilateral

***Note : The following questions are for the visually impaired candidates only in lieu of map question :***

30.1 Name the state where Tarapur is situated.

30.2 Name the only Software Technology Park of Punjab.

30.3 The Goldern Quadrilateral connects which northern metro city of India ?

30 (a) भारत के दिए हुए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में A और B पर दो लक्षण चिन्हित किये गये हैं। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन लक्षणों की पहचान कर मानचित्र में ही चिन्हित रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए –

(A) एक आण्विक ऊर्जा संयंत्र

(B) एक सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क

(b) उसी मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त संकेत द्वारा दर्शाइए एवं उसका नाम लिखिए –

(C) चेन्नई : स्वर्णिम चतुर्भुज से जुड़ा दक्षिणतम महानगर

***नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र प्रश्न के स्थान पर हैं –***

30.1 तारापुर आणविक ऊर्जा संयंत्र किस राज्य में स्थित है ?

30.2 पंजाब में एकल सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क का नाम लिखिए।

30.3 स्वर्णिम चतुर्भुज से भारत का कौन-सा उत्तरी महानगर जोड़ा गया है ?